भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3049
गुरुवार, दिनांक 11 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>अक्षय ऊर्जा शॉप</u>

3049. डॉ॰ रमापति राम त्रिपाठीः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के सभी जिलों में विशेषकर उत्तर प्रदेश के आदिवासी क्षेत्र में ''अक्षय ऊर्जा शॉप'' स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उत्तर प्रदेश सहित देशभर में आज की तिथि में ''अक्षय ऊर्जा शॉप'' की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है; और

(ग) सरकार ने देश के सभी जिलों में इस तरह की शॉप स्थापित करने और संचालित करने के लिए निजी उद्यमियों और गैर-सरकारी संगठनों (एन॰जी॰ओ॰) को प्रोत्साहित करके ''अक्षय ऊर्जा शॉप्स'' के तंत्र का विस्तार करने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (ग): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) सौर ऊर्जा उत्पादों को आसानी से उपलब्ध कराने तथा विक्रय के बाद आसानी से मरम्मत संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 1995 से देश के प्रमुख शहरों में आदित्य सौर शॉप्स की स्थापना को बढ़ावा देता रहा है। वर्ष 2005-06 में इस कार्यक्रम को देश के सभी जिलों में सभी अक्षय ऊर्जा उपकरणों और प्रणालियों के विक्रय और सेवाओं को शामिल करने के उद्देश्य से "अक्षय ऊर्जा शॉप" के रूप में पुनर्नामित करने का निर्णय लिया गया।

एमएनआरई द्वारा कुल 412 अक्षय ऊर्जा शॉप मंजूर किए गए जिसमें से 72 शॉप उत्तर प्रदेश राज्य में मंजूर किए गए थे। मंत्रालय द्वारा मंजूर किए गए अक्षय ऊर्जा शॉप की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्याएं अनुलग्नक में दी गई हैं।

मंत्रालय द्वारा इस योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई और इस योजना को 12वीं योजना अवधि के बाद बंद करने का निर्णय लिया गया।

अनुलग्नक

'अक्षय ऊर्जा शॉप' के संबंध में पूछे गए दिनांक 11.07.2019 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3049 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अक्षय ऊर्जा शॉप

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | उन जिलों, जहाँ अक्षय ऊर्जा शॉप मंजूर किए गए हैं, की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2 |
| 2 | तेलंगाना सहित आंध्र प्रदेश | 21 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | - |
| 4 | असम | 8 |
| 5 | बिहार | 33 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 13 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | - |
| 9 | दमन और दीव | - |
| 10 | दिल्ली | - |
| 1 1 | गोवा | 2 |
| 12 | गुजरात | 8 |
| 13 | हरियाणा | 18 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 5 |
| 15 | झारखंड | 24 |
| 16 | जम्मू और कश्मीर | 10 |
| 17 | कर्नाटक | 7 |
| 18 | केरल | 7 |
| 19 | लक्षद्वीप | - |
| 20 | मध्य प्रदेश | 50 |
| 21 | महाराष्ट्र | 32 |
| 22 | मणिपुर | 2 |
| 23 | मेघालय | - |
| 24 | मिजोरम | 7 |
| 25 | नागालैंड | 5 |
| 26 | ओडिशा | 4 |
| 27 | पुडुचेरी | 4 |
| 28 | पंजाब | 20 |
| 29 | राजस्थान | 14 |
| 30 | सिक्किम | 1 |
| 31 | तमिलनाडु | 26 |
| 32 | त्रिपुरा | 2 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 72 |
| 34 | उत्तराखंड | 8 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 6 |
|  | कुल | **412** |

****